卐 श्री सद्गुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण




ॐशरवणभवफ ॐशरवणभवफ ॐशरवणभवफ ॐशरवणभवफ





































भारत व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 14 ♦पृष्ठ 8+8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦20 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES

CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE

✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land

REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE

MO.-8630672525,8279444462

ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


# मुकेश अंबानी ने बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के किये दर्शन

## दोनों धामों को दान दी पांच करोड़ की धनराशि



देहरादून (उद संवाददाता)।मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन दिये। इस दौरान उन्होंने दोनों धामों में पांच करोड़ का दान दिया। उद्योगपति मुकेश अंबानी रविवार सुबह सुबह अपने प्राइवेट विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। बद्रीनाथ में बीकेटीसी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने धाम में दर्शन कर पूजा अर्चना की। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ विजय थपलियाल ने बताया कि मुकेश अंबानी ने बदरीनाथ धाम में भोग के लिए दो करोड़ 51लाख रुपये की धनराशि का दान दिया। वहीं, इसके बाद वह केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा (शेष पृष्ठ सात पर)

# ऑपरेशन रोमियो अभियान में 51 लोग किये गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर जनपद में 'ऑपरेशन रोमियो' अभियान चलाया है। महिलाओं द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से बताई गयी समस्या शाम और रात्रि के समय युवक शराब पीकर सड़को पर घूमते हैं जिससे वे असुरक्षित महसूस किये जाने एवं सुझाव पर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु पुलिस टीम ने गत देर सायं



चैकिंग छापेमारी कर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर शहर का माहौल खराब करने वालों के विरूद्व कार्यवाही की गयी। राजेश यादव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, विमल मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम, एसएसआई महेन्द्र प्रसाद (शेष पृष्ठ सात पर)

# फायरिंग की झूठी सूचना देना युवक को महंगा पड़ा

रूद्रपुर । पुलिस को फायरिंग की झूठी सूचना देना एक शख्स को महंगा पड़ गया। फायरिंग की सूचना पर आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो मामला फर्जी निकला। जिस पर पुलिस ने सूचना देने वाले को हिरासत में ले लिया और रात भर हवालात में बैठाने के बाद सुबह पांच हजार का जुर्माना लगाने के बाद छोड़ दिया। मूल रूप से सतपुरा संभल यूपी एवं आनन्द बिहार वार्ड नंबर एक रूद्रपुर निवासी शशांक त्यागी पुत्र अनिल कुमार त्यागी शनिवार रात 112 पर पुलिस को सूचना दी कि दक्ष चौक के पास फायरिंग हुयी है। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची मौके पर शशांक त्यागी नशे में धुत मिला। जांच करने पर गोलीकाण्ड की सूचना फर्जी निकली। जिस पर पुलिस ने पूछताछ के लिए शंशाक त्यागी को हिरासत में ले लिया। एसआई महेश कांडपाल ने बताया कि आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। रात भर आरोपी को हवालात में रखा गया। सुबह फर्जी सूचना देने के आरोप में 5 हजार का जुर्माना लगाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# एक किलो स्मैक के साथ दम्पत्ति सहित तीन दबोचे




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान कार सवार दम्पत्ति सहित तीन लोगों को अवैध स्मैक ले जाते गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पकड़े गये नशा तस्करों से कुल 1058 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पुलभट्टा थाना की टीम शंकरफार्म कट के पास किच्छा की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तो तभी एक बैगनार कार नम्बर यूपी 14 सीएफ 9528 किच्छा की तरफ से सितारगंज को आ रही थी जिसे रोककर उसमें बैठे व्यक्तियो से पूछताछ की तो वाहन में बैठे दोनो व्यक्ति और एक महिला सकपकाने लगे। उन्होंने अपना नाम पता सानू पुत्र रहीश अहमद निवासी मोहल्ला अंसारी वार्ड 8 फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली, खुर्शीद पुत्र अली हसन निवासी अली खाँ मोहल्ला हजरतनगर थाना काशीपुर तथा महिला ने अपना नाम आसमा पत्नी खुर्शीद निवासी अलीखाँ मोहल्ला हजरतनगर थाना काशीपुर हाल पता ग्राम मिस्सरवाला थाना कुण्डा बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर तीनो ने बताया उनके पास स्मैक है इसे सितारगंज बेचने के लिए ले जा रहे हैं। टीम ने मामले की सूचना क्षेत्राधिकारी बहादुर सिह चौहान को दी।

# ट्रक चालक डीजल व पार्ट्स लेकर फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक कम्पनी के ट्रक का चालक ट्रक से डीजल व पार्ट्स लेकर फरार हो गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में आनंद कुमार यादव पुत्र कमल सिंह यादव निवासी शाहबाद, रामपुर मास्टर आशीर्वाद रोडवेज पीएसए प्लाजा, नैनीताल रोड, रुद्रपुर कें फ्लीट मैनेजर ने कहा है कि मनोज पुत्र मुकेश निवासी ग्राम कीरा, तहसील शाहबाद, रामपुर, कंपनी की गाड़ी संख्या यूके 06 सीबी 2658 में ड्राईवर के तौर पर कार्य कर रहा था । वह 28 सितम्बर 2024 को कंपनी की गाड़ी रुद्रपुर से लेकर निकला । उसके बाद माल (शेष पृष्ठ सात पर)


## रस्म पगड़ी



बड़े दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिता जी **श्री लखपत राय सिडाना जी** का स्वर्गवास दिनांक 9 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी एवं ब्रह्मभोज दिनांक 21 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार** को प्रात: 11 से 1 बजे ग्राण्ड हैरीटेज रिसोर्ट निकट बसन्त गार्डन, रूद्रपुर रोड, किच्छा में सम्पन्न होगा।

**दुखित परिवार**

यश सिडाना (पौत्र)
विधान सिडाना (पौत्र)
स्पर्श सिडाना (पौत्र)
विनायक (पड़पौत्र)
विशाल अनेजा (नाती)
अनमोल अनेजा(नाती)
समस्त सिडाना परिवार

विनोद सिडाना-चंचल सिडाना (पुत्र-पुत्रवधु)
विजय सिडाना-सोनम सिडाना (पुत्र-पुत्रवधु)
अशोक सिडाना-आरती सिडाना (पुत्र-पुत्रवधु)
विरेन्द्र सिडाना-गीतमा सिडाना (पुत्र-पुत्रवधु)
बीना अनेजा-स्व० राज किशन अनेजा (पुत्री-दामाद)
मनीष सिडाना-सोनिया सिडाना (पौत्र-पौत्रवधु) पुनीत सिडाना-अनिन्दिता सिडाना (पौत्र-पौत्रवधु)

çfr"Bku% f l Mkuk Vk l ikV fdPNk] ; 'k VM l fdPNk
f l Mkuk VM l fdPNk] f l Mkuk Vk l ikV (STC) cjyh

मो.-8630503680, 9837233386, 9012621598, 983778780


# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1.25 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वयं को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक खातेदार से ऑन लाईन 1.25 लाख रूपये की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में महफूज अहमद पुत्र मुम्ताज अहमद निवासी प्रीतविहार फाजलपुर महरौला रूद्रपुर ने कहा है कि उसके नाम से एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड जारी है। 12 अगस्त 2024 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिये कहा। उसे एचडीएफसी का बैंक अधिकारी समझकर उसको क्रेडिट कार्ड नम्बर की जानकारी व ओटीपी शेयर कर दी । जब मैंने बैंक जाकर जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि क्रेडिट कार्ड की सीमा नहीं बढ़ी है। जबकि उसके क्रेडिट कार्ड से 1,21,645 रूपये की धनराशि ऑनलाईन धोखाधड़ी की गयी। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

# कमरे में अधेड़ का शव मिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र की कृष्णा कालोनी में एक अधेड़ की संदिग्ध मौत हो गयी। उसका शव कमरे में संदिग्ध हालातों में बरामद किया गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक विपिन रस्तौगी नाम के एक व्यक्ति ने पुलिस को फोन पर सूचना दी कि कृष्णा कालोनी में एक व्यक्ति कमरे में मृत पड़ा है।सूचना पर रात्रि अधिकारी विकास रावत मय चीता कर्मियों कांस्टेबल जगमोहन गौड़ तथा कांस्टेबल तारा दत्त के साथ घटनास्थल पर पर पहुंचे। घटना स्थल पर एक व्यक्ति फर्श पर बिस्तर में चित अवस्था में पड़ा था, जिसका चेहरा फूला हुआ है तथा कमरे में दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने आस-पड़ोस में जानकारी ली । मृतक का की पहचान गोविंद राम पुत्र हरिप्रसाद मूल निवासी बसंत विहार थाना इज्जत नगर जनपद बरेली उम्र 50 वर्ष के रूप में की गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि मृतक गोविंद राम अत्यधिक शराब का सेवन करता था। प्रथम दृष्टया गोविंद की मृत्यु अत्यधिक शराब के सेवन से होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


## ईशा ट्रेडर्स

महासेल Upto 50%

Since 2004

हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।

पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूर्वस पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट व सभी प्रकार के इंटीरर्यर एवं एक्सटीर्यर मटेरियल इत्यादि

दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट




आर्टफिशयल घास



पी.यू. मार्बल शीट



वालपेपर



यू. वी. शीट

सम्पर्क सुत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270

पताः- एस. आर. ए. ई-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)

# नकली नोटों के सौदागर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## रेस्टोरेंट की आड़ में 500 के जाली नोटों का करता था कारोबार

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून में पुलिस ने नकली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। त्यौहार सीजन को देखते हुए एसटीएफ सतर्क है। एसटीएफ ने नकली नोटों के एक सौदागर को थाना पटेलनगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी रेस्टोरेन्ट की आड़ में जाली नोटों का कारोबार करता है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा बताया गया कि उत्तराखण्ड एसटीएफ को विभिन्न सूत्रों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति देहरादून में नकली नोटों को छाप कर बाजार में असली के रूप में चला रहे है। जो त्यौहार होने के कारण अत्यधिक मात्रा में बाजार में खपत किए जा सकते हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की एक टीम को सक्रिय कर मैनुवली सूचना एकत्रित की गयी तो जानकारी हुयी कि एक व्यक्ति जिसका नाम परमित है और वो आईएसबीटी के पास मूलचन्द एनक्लेव में रहता है। जोकि नकली नोट अपने घर पर ही छापकर बाजार में असली के रूप में चला रहा है। जिस पर इस व्यक्ति को एसटीएफ टीम द्वारा चिन्हित किया गया। एसटीएफ को निगरानी से ये पता चला कि व्यक्ति कैनाल रोड पर अपना रेस्टोरेंट चलाता है। जिसकी आड़ में इसके द्वारा बाजार में नकली नोटों की खपत की जा रही है। इस पर एसटीएफ की टीम द्वारा निगरानी रखते हुए एक काले रंग की क्रेटा कार को चौक किया गया। जिसमें परमित कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम कुडी खरखोदा थाना खरखोदा, जिला मेरठ, यूपी हाल निवासी मूलचन्द एनक्लेव थाना पटेल नगर देहरादून को पकड़ा गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो इस व्यक्ति के कब्जे से 80 हजार रूपए के 500-500 रुपए की दो गड्डी मिली। इसके साथ ही अपराधी के कब्जे से नकली नोट बनाने में प्रयुक्त किए जाने वाले लैपटॉप, प्रिन्टर, बिना कटिंग के 14,000 रूपए मूल्य के 500-500 रूपए के नोट व अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। अभियुक्त के बारे में अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।जब आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया गया कि उसका एक कैनाल रोड पर अन्नपूर्णा नाम का रेस्टोरेंट है। जहां से वो सामान आदि के नाम पर नकली नोटों को अपने ग्राहकों से बदल लेता है। जिसके बाजार से सामान क्रय करने में नकली नोटों को प्रयोग करता है। इसके साथ ही उसने बताया कि वो अपने किराये के फ्लैट में प्रिन्टर लैपटाप की सहायता से नकली नोट छापता है।



# एक हजार रूपये रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद के काफलीगैर तहसील के एक पटवारी को विजिलेंस की टीम ने एक हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। पटवारी ने एक व्यक्ति से दाखिल खारिज के नाम पर दो हजार रूपये की रिश्वत मांगी थी जिसमें एक हजार रूपये पहले लेने और शेष राशि काम होने पर देने की बात कहते हुए पटवारी पर घूस लेने की शिकायत विजिलेंस में की गई थी, जिसके बाद शनिवार को विजिलेंस टीम ने शिकायतकर्ता के साथ मोके पर बकाया एक हजार की राशि घूस लेते हुए पकड़ी है,जिसे विजिलेंस टीम ने एक हजार रूपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जानकारी के अनुसार काफलीगैर तहसील अंतर्गत नंदीगांवराजस्व चौकी में कभड़ा गांव के एक ग्रामीण ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री नंबर पर गत दिनों शिकायत की, जिसमें उसके द्वारा अपने गांव की पुश्तेनी भूमि की दाखिल खारिज करवाने के एवज में क्षेत्रीय पटवारी देवेंद्र सिंह बोरा द्वारा दो हजार रूपये की मांग किए जाने, और काम करने हेतु पटवारी को एक हजार रूपये देने की शिकायत की गई, इसके बाद वह शेष राशि एक हजार रूपये की मांग की जा रही है। जिस पर विजिलेंस के निरीक्षक अनिल सिंह मनराल व प्रकाश चंद्र जोशी के नेतृत्व में ट्रेप टीम का गठन किया। टीम शनिवार की सुबह कठपुड़ियाछीना स्थित राजस्व ऊपनिरीक्षक कार्यालय पहुंची। दोपहर विजिलेंस की टीम ने कठपुड़ियाछीना में किराये के मकान में चल रहे पटवारी चौकी में शिकायतकर्ता से एक हजार रूपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।



# नये प्रतिष्ठान नानक पेंट्स एंड इंटीरियर का हुआ शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरमिंदर गली में नये प्रतिष्ठान नानक पेंट्स एंड इंटीरियर का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा एवं समाजसेवी बलिहार सिंह बाठला ने पूजा अर्चना के बीच विधिवत फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर श्री ठुकराल एवं अन्य लोगों ने प्रतिष्ठान स्वामी सरदार बलविंदर सिंह, सरदार इवनीत सिंह को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री ठुकराल ने शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि नया प्रतिष्ठान ग्राहकों की उम्मीदों पर उतरेगा। उदघाटन के मौके पर प्रतिष्ठान स्वामी बलविंदर सिंह ने कहा कि प्रतिष्ठान में ग्राहकों को पेंट्स और इंटीरियर डेकोरेशन से सम्बंधित विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, सुदर्शन ठकराल, सुखविंदर सिंह सुखा भूसरी, राजकुमार बजाज, अंकित रावत, हरपाल सिंह, स्वर्ण सिंह, मनरूप सिंह भूसरी, बलविंदर सिंह, पुरुषोत्तम अरोड़ा, गुरु शरण बब्बर, अजय नारायण सिंह, अवतार सिंह कालरा, सुभाष अरोरा, यमन अरोरा, लवली लम्बा, हरजिंदर सिंह लाडी, गुरुवीर सिंह, दीप हंसपाल, गुरजीत सिंह, त्रिलोक सिंह बाटला आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# विज्ञान प्रदर्शनी का विधायक पाण्डे ने किया शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। बेरिया रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का पूर्व कैबिनेट मंत्री व गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने विज्ञान पर आधारित तैयार मॉडल, आर्ट व क्राफ्ट कार्य तथा आधुनिक तकनीक के विषय में बच्चों द्वारा किये गए कार्यों को देखा और इसी दिशा में छात्र-छात्राओं से चर्चा कर उन्हें प्रेरित- प्रोत्साहित किया। पाण्डेय ने कहा कि नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक पहलुओं को बढ़ावा मिलने से निश्चित ही आगामी भविष्य में सभी विद्यार्थी अपने क्षेत्र-प्रदेश का नाम राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। इस दौरान विधायक पाण्डेय ने विद्यालय को जाने वाले मार्ग का निर्माण कराने की भी घोषणा की।



# तीन पानी डैम मार्ग पर किया मिट्टी भरान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तीन पानी डैम मार्ग को गढ्ढा मुक्त बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन पानी डैम पर मिट्टी डालने का काम शुरू किया गया। कांग्रेस नेता राम कृष्ण सैनी ने बताया कि काफी लंबे समय से लोगों को गड्डों से होकर गुजरना पड़ रहा था। जिसको देखते हुए उन्होंने समस्या का समाधान किया। जिससे लोगों में काफी हर्ष है। मार्ग पर गड्डों के कारण आए दिन टुकटुक पलट जाते थे लोगो की गाड़ियां भी फिसल जाती थीं जिसको देखते हुए मिट्टी डालने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री प्रदेश की सड़कों को गड्डा मुक्त करने की बात करते हैं और एक तरफ अधिकारी उनकी बातों की अनदेखी कर रहे हैं। इस दौरान सुदर्शन प्रजापति,अंकित सैनी, राजीव सिंह, लेखराज सैनी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



# पंचायत चुनाव निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य शुरू करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विकासखंड सभागार में उप जिला अधिकारी परितोष वर्मा ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य को लेकर हल्द्वानी विकासखंड क्षेत्र के सभी 107 बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक ली। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी विकासखंड में 60 ग्राम पंचायत, 39 क्षेत्र पंचायत सदस्य और पांच जिला पंचायत सदस्य सीट है। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य विकास खंड क्षेत्र में कल से शुरू किए जाने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 28 दिन यानी 16 नवंबर तक संगणक घर-घर जाकर मतदाता सूची के गणना और सर्वेक्षण का काम करेंगे।



# मेहंदी प्रतियोगिता में गायत्री रही विजेता

रानीखेत (उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में करवाचौथ के उपलक्ष्य में गृह विज्ञान विभाग द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गृह विज्ञान विषय की छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता में बीए तृतीय सत्रार्ध की गायत्री ने प्रथम स्थान, बीए पंचम सत्रार्ध की तृप्ति अग्रवाल ने द्वितीय स्थान व पंचम सत्रार्ध की लता आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मला जोशी व डॉ. सुमिता गड़कोटी द्वारा निभाई गई। इस दौरान छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल बोरा व डॉ. नीतिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त महिला प्राध्यापक उपस्थित रही।




# विधायक ने इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग के निर्माण का किया शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से स्वीकृत सिद्धू बार के पास से रिवेरा होटल होते हुए अटरिया मोड़ तक जाने वाले मार्ग के निर्माण का फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि एक किमी लम्बे इस मार्ग का निर्माण लगभग 35 साल बाद हो रहा है जिसकी लागत 68 लाख है। यह मार्ग बिल्कुल खस्ता हाल था। कई जनप्रतिनिधि आये लेकिन यह मार्ग की हालत नहीं सुधरी। विधायक ने कहा वह रुद्रपुर क्षेत्र मे विकास के विजन से कार्य कर रह हैं उनके विधायक बनने के बाद ऐसे ऐसे मार्गो का निर्माण हुआ जहाँ की जनता को उनके क्षेत्र की सड़क बनने की उम्मीद खत्म सी हों गयी थी, उन्होंने कहाँ रुद्रपुर की जनता ने बहुत विश्वास के साथ उनको चुना है और पूरी ईमानदारी के साथ लोगो की उम्मीद के अनुरूप हम कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके परिणाम धरातल पर नजर आने लगे है। झूठे वादे करने वालों को जनता ने नकार चुकी है उनके पास सिर्फ खोखले वादे होते थे, जिससे लोगो मे निराशा का माहौल पैदा हों गया था। विधायक ने कहा कि इस सड़क का लाभ बहुत बड़ी आबादी को होगा। इंटरलॉकिंग मार्ग उच्च गुणवत्ता के साथ बनेगा, प्रदेश की धामी सरकार के नेतृत्व मे रुद्रपुर ने विकास मे रफ्तार पकड़ी है जिसका परिणाम सभी को नजर आ रहा है। इस दौरान मंडल महामंत्री राजेश जग्गा, पूर्व पार्षद रीना जग्गा,बंगाली सभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह,प्रेमचंद सिंह, नरेश उप्रेती, हरीश अरोड़ा, जगदीश तनेजा,विश्वनाथ शर्मा,राम अवतार यादव,राजेश अरोड़ा, रचित सुखीजा, अभिषेक भल्ला,महेंद्र अरोड़ा, प्रशांत कुशवाहा, संजय ग्रोवर, राजकुमार शाह, राजेश साहनी, मोहनलाल नारंग, डॉ अभिषेक गुप्ता, सचिन चड्ढा, आर के मदान, विक्रम सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, गुंजन नारंग,अर्चित चड्ढा, दीपेश कपूर, नितिन चौहान, रवि गुलाटी, दीपक जैन, डॉ रस्तोगी, मयंक कक्कड़, डंम्पी चोपड़ा, महेंद्र आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर
ईना ठुकराल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मीना शर्मा
महासचिव
प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी
अनिल शर्मा
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मोहन खेड़ा
कविता खेड़ा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
रमन अरोरा
शिखा अरोरा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
गौरव अग्रवाल
श्री बालाजी टैक्सेशन प्वाइंट
इंद्रा कॉलोनी गली नं० 5, रुद्रपुर
सुनैना अग्रवाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
विजय गर्ग
गुलाब स्वीट्स, रुद्रपुर
उमा गर्ग


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सतपाल यादव
अनीता यादव


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
डा. मदन लाल बठला
सुदेश बठला


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मनीष पाण्डेय
स्नेहा पाण्डेय


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
पंकज बांगा
नेहा बांगा


आस्था फुटेला
शिवम फुटेला


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
भावना ठुकराल
हरीश ठुकराल


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
देवी दयाल अनेजा
राधा रानी अनेजा
शिप्रा अरोरा
जतिन अरोरा
अजय अनेजा
हिमानी अनेजा
विजय अनेजा
प्रियंका अनेजा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
राजेश जग्गा
रीना जग्गा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सजल अग्रवाल
अंशिका अग्रवाल

# वेंडिंग जोन में शीघ्र होगा दुकानों का आवंटन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने शनिवार को अधिकारियो के साथ रूद्रपुर के निर्माणाधीन वेडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि







जो दुकाने तैयार हो गई है उनका नियमानुसार दीपावली से पूर्व पात्रता के दृष्टिगत आवंटन करने का कार्य पूर्ण करें। उन्होने कहा कि अन्य दुकानों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करायें एवं दीपावली के बाद उनका आवंटन भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिन लोगों को दुकाने आवंटित होनी है उनकी संख्या को देखते हुए अभी और भूमि की आवश्यकता है, जिसके लिए भी भूमि चिन्हित कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिये गये है। जिलाधिकारी प्रशासक नगर निगम ने कहा कि शहर में नगर निगम द्वारा कम्युनिटी हॉल, वेडिंग हॉल बनाए जायेंगे, जिससे माध्यम व गरीब लोगों को शादी -विवाह, पार्टी आदि अयोजनों के लिए कम धनराशि मैं कम्युनिटी हॉल/वेडिंग हॉल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कम्युनिटी एवं मैरिज हॉल लिए शीघ्र भूमि चिन्हित करने के निर्देश नगर आयुक्त व उपजिलाधिकारी को दिये गये है। नगर आयुक्त ने बताया कि वेंडिग जोन में कुल 130 दुकानें तैयार की जा रही है। जिसमें से 76 दुकानों का लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है, जिनका आवटंन दीपावली से पूर्व कर दिया जायेगा एवं शेष दुकानों का कार्य पूर्ण कर दीपावली के उपरान्त आवटंन की कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वहीं विधायक शिव अरोरा ने भी वेंडिग जान के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने व्यापार मंडल, लोहिया मार्केट, समोसा मार्केट के व्यापारियों एवं ठेली व्यवसायियों के साथ स्थालीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान विधायक ने कहा कि वेंडिग जोन का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, यह वेंडिग जॉन उत्तराखंड का सबसे खूबसूरत सबसे बड़ा वेंडिग जोन होगा। निरीक्षण के बाद विधायक शिव अरोरा वहीं से पैदल सभी व्यापरियो संग नगर निगम पहुँचे, जहाँ नगर निगम हॉल में विधायक शिव अरोरा ने निगम की टीम के साथ बैठक की जिसमें दीपावली से पहले वेंडिग जोन में व्यस्थापित हुए लोहिया मार्किट व्यापारी, समोसा मार्किट व रेडी फल व्यापारियों के बसाये जाने हेतु आवंटन प्रकिया शुरू कराने संबधित विषय पर चर्चा की, जिसके बाद नगर निगम ने आवंटन प्रकिया की शुरुआत करने संदर्भ मे आदेश जारी किया आदेश में 23 अक्टूबर तक व्यस्थापित व अपने निगम में दर्ज पुराने रिकॉर्ड संबधित दस्तावेज जमा करने का लिखित आदेश जारी किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा दीपवाली पर उन व्यापारियों को उनकी दुकानों की चाबी मिलने जा रही है जो जी-20 के दौरान हटाये गये थे आज लम्बे अरसे बाद उनके चेहरो की रौनक वापसी आयी है।वेंडिग जॉन जो ख्वाब जैसा लगता था आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर यह वेंडिग जोन बनकर तैयार है विधायक ने कहा कि नगर निगम सभी पात्र व्यापारियों का शत प्रतिशत आवंटन सुनिश्चित करे। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उपायुक्त शिप्रा जोशी,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, लघु व्यापार मंडल से गुलशन नारंग, सुरेश शर्मा, मनोज मदान, शैलेन्द्र ग्रोवर, हर्ष रावल, इंद्रजीत सिंह, विनोद ठुकराल, नवीन जोशी, राजेश कामरा, सुरेन्द्र सिंह, विश्वनाथ यादव, मयंक कक्कड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने की सड़क चौड़ीकरण कार्य की समय सीमा निर्धारित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डीएम वंदना सिंह ने कैंप कार्यालय में सड़क चौड़ीकरण, 14 जंक्शन इंप्रूवमेंट की समीक्षा की बैठक की। उन्होंने मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण का एक साइड का काम दिवाली से पूर्व पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी कुमाऊं का प्रवेश द्वार है इसलिए नरीमन चौक में सड़क किनारे सौंदर्यीकरण में कुमाऊनी संस्कृति का ध्यान रखा जाए ताकि पयर्टकों को कुमाऊंनी संस्कृति की झलक देखने को मिले। उन्होंने कहा कि सुधारीकरण में लंबित सड़क के किनारे और बीच से बिजली के पोल, ट्रांसफॉर्मर और अन्य लंबित कार्य भी जल्द शिफ्ट किए जाए। इसके लिए जिलाधिकारी ने समय सीमा भी निर्धारित की कमलवागाँजा से



आरटीओ रोड पर 21 अक्टूबर, लाल डांट पर 24 अक्टूबर और कठघरिया चौराहे पर 5 नवंबर, कुसुमखेड़ा और कालाढुंगी रोड पर 8 नवंबर और मुखानी में 10 दिसंबर से बिजली पोल, ट्रांसफार्मर व लंबित कार्य शुरू किए जाए। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी की लाइन की शिफ्टिंग में दिक्कत हो रही है तो प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय बनाए ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो। सड़क चौड़ीकरण में अतिरिक्त भूमि पर सर्फेस पार्किंग में ही वाहनों को खड़ा करने के लिए जगह बनाई जाए। पेंटेड रोड की की सीमा पर मार्किंग की जाए ताकि उक्त स्थान पर वाहन खड़ा नहीं हो और ट्रैफिक सुगमता से चलता रहे। इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, एसडीएम तुषार सैनी, लोनिवि ईई अशोक चौधरी, जल संस्थान ईई रवि शंकर लोशाली मौजूद रहे।

## दो कुंतल मांस के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)।पुल भट्टा पुलिस ने बगैर अनुमति के जानवरों का वध कर मांस बेचने का कार्य कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लगभग दो कुंतल मांस बरामद किया है। पुलिस ने एक वध की गयी भैंस वजन करीब 2 कुन्तल लगभग व भैंस काटने की उपकरण 2 चाकू , एक गडासा, एक सूजा ,रस्सी व वह अन्य सामान बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरौलीकला क्षेत्र में पुलिस टीम बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन के लिए पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नहर वाली रोड पर छोटे के जानवर बांधने वाले घेर में छोटे व उसका साथी गुड्डू बिना अनुमति के जानवर काट रहे हैं । मौके पर पहुंचे तो वहां भैंस की आधी गर्दन कटी थी तथा फर्स में खून पडा हुआ था। दो व्यक्तियों के हाथ में जानवर काटने के उपकरण मिले। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम छोटे पुत्र नबी अहमद निवासी वार्ड नम्बर 19 सिरौलीकला थाना पुलभट्टा तथा गुड्डू पुत्र लतीफ निवासी वार्ड नम्बर 20 सिरौलीकला बताया । जानवर काटने /बध करने का कारण पूछा तो बताया कि छोटे द्वारा बताया गया कि हम लोग यहाँ पर जानवर काटकर इसे दुकानों में 200 रुपये किलो के हिसाब से बेचते है।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## आवंटित धनराशि को दिसम्बर तक शत प्रतिशत व्यय करें: सीडीओ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास भवन सभागार में जिला योजना, राज्य सैक्टर, केन्द्र पोषित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि योजना धनराशि को कार्यो में तेजी लाते हुए दिसम्बर माह तक शतप्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जो कार्यदायी संस्था कार्यो में लापरवाही, ढिलाई बरतेगी उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिला योजना में अनुमोदित अवमुक्त धनराशि 7420.10 लाख के सापेक्ष जिला स्तर पर विभागों को 6932.95 लाख अवमुक्त की गयी जिसमे से विभागो द्वारा 5014.92 लाख आहरित कर 4799.10 लाख व्यय किया गया इस तरह विभागों आहरित धनराशि का 69.22 प्रतिशत व्यय किया गया। इसी तरह राज्य योजना के तहत शासन से अवमुक्त 33419.24 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 23228.20 लाख व्यय कर लिया गया है जो अवमुक्त धनराशि का 69.51 प्रतिशत



व्यय है तथा केन्द्र पोषित योजना में अवमुक्त धनराशि 13568.22 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 12933.45 लाख आहरित कर 12002.04 लाख आतिथि तक व्यय किया गया इस प्रकार विभागों द्वारा आहरित धनराशि के सापेक्ष 88.46 प्रतिशत व्यय है। मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम हेल्पलाईन, सीएम जनसमर्पण पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये। मा0 मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में की गई घोषणा कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री घोषणा कार्यो के त्वरित गति से कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि जनता को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सकें। उन्होने सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस द्वारा कार्य संचालित करने के भी निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी उदयराज सिंह निर्देशन में जनपद गतवर्ष से बीस सूत्रीय कार्यक्रम में लगातार प्रथम बने रहने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में भी बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद उधमसिंह नगर प्रदेश में प्रथम पायदान पर रहा। उन्होने कहा कि वर्षभर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि जनपद उधमसिंह नगर बीस सूत्रीय के 44 कार्यक्रमों में से 39 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 04 कार्यक्रमो में बी श्रेणी व 01 कार्यक्रमो में डी श्रेणी प्राप्त की। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास शहरी की समीक्षा करते हुए नगर निकाय काशीपुर, खटीमा, सुल्तानपुर पट्टी, महुआखेड़ागंज के डी श्रेणी व नानकमत्ता, महुआडाबरा निकायों के सी श्रेणी में रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवासो के निर्माण का स्वंय मॉनिट्रिगं करते हुए पूर्ण कराने के निर्देश निकाय अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, अधिशासी अभियंता सिचांई पीसी पाण्डे, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम सुनील जोशी, जल संस्थान तरूण शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला, नलकूप आरके सिंह, लोनिवि ओपी सिंह,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरेन्द्र मलिक, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट व अन्य अधिकारी मौजूद थे।





## बीस सूत्रीय कार्यक्रम में यूएस नगर प्रथम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद उधमसिंह नगर गवतर्ष से प्रदेश में लगातार प्रथम पायदान पर बना हुआ है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के जुलाई माह में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद उधमसिंह नगर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने चालू वित्तीय वर्ष में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रथम आने पर सभी अधिकारियों को बधाई देते हुये वर्षभर बीस कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि सूत्रीय कार्यक्रम के 44 मदो में जनपद 39 कार्यक्रमो में ए श्रेणी, 04 कार्यक्रमों में बी श्रेणी व 01 कार्यक्रम में सी श्रेणी प्राप्त की है। उन्होने सभी अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों में ए श्रेणी में लाने के निर्देश दिये। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रदेश के 13 जनपदो में उधमसिंह नगर प्रथम, टिहरी द्वितीय व देहरादून जनपद तृतीय स्थान पर रहा।




## चौकीदार की हत्या के मामले में पुलिस को मिले अहम सुराग

किच्छा(उद संवाददाता)। कलकत्ता चौकी के पास प्रयाग फार्म में पालेज के चौकीदार की हत्या के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं शीघ्र पुलिस हत्यारों तक पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात्रि लक्ष्मीपुर ग्राम के पास प्रयाग फॉर्म की भूमि पर पालेज की चौकीदारी कर रहे अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी जानवर द्वारा हमला किया गया है। किंतु मौके पर पहुंचने पर मृतक के मुंह पर किसी धारदार हथियार से हमले के निशान पाए गये। धाधा फार्म निवासी चरण सिंह पुत्र सोहन सिंह प्रयाग फार्म में अब्दुल समी द्वारा लगाई गई पालेज में चौकीदारी का काम करता था तथा वही एक झोपड़ी में रहता था। पुलिस हत्याकाण्ड की विभिन्न एंगलों पर जांच कर रही है। घटनास्थल पर निरीक्षण करते हुए संभावित स्थिति का आंकलन किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार एवं कोलकाता चौकी इंचार्ज धीरेंद्र पंत मामले के खुलासे के लिए हर बिंदु पर जांच कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस चरण सिंह की हत्या के मामले में हत्यारों के करीब पहुंच चुकी है तथा किसी भी समय हत्यारों को गिरफ्तार किया जा सकता है।


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
नीति सिंघल
C.A.
अशोक सिंघल
C.A. (FCA., I.S.A)


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
नरेन्द्र अरोरा
रेखा अरोरा
मेम साहब कलैक्शन दुर्गा मन्दिर गली, रुद्रपुर मो. 9319995101


निखिल कालरा
चेतना कालरा
परीधान साड़ीज,मुख्य बाजार,रुद्रपुर


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मानस जायसवाल
कुसुम जायसवाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अमित जैन लोहिया
अनुराधा जैन



पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
रीना चौधरी
हरनाम चौधरी
C.A.
हरनाम सिंह एंड कम्पनी, आवास विकास, रुद्रपुर


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
विभोर बाठला
युविका बाठला


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
Wedding date 20.07.2003
पूजा ग्रोवर
शैलेन्द्र ग्रोवर


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
आनन्द बिन्दल
स्वीटि अग्रवाल


अरोरा परिवार की ओर से करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सत्यपाल अरोरा
निर्मल रानी
राजेश अरोरा पप्पल
ईशा अरोरा
मानिक अरोरा
सोनल अरोरा
तिलकराज अरोरा
नैना अरोरा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
भावना कपूर
रोहित कपूर


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
ईशा कामरा
संजीव कामरा


पति-पत्नी
के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
सुशील अग्रवाल
मंजू अग्रवाल


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
अनिल बत्रा
पूनम बत्रा



सुख-दुःख में हम-तुम, हर पल साथ निभाएंगे
एक जनम नही सातों जनम, पति-पत्नी बन आएंगे
करवा चौथ
के अति पावन पर्व पर
माताओं, बहनों व मित्रों को
सुखद दाम्पत्य जीवन की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक वर्मा
महामंत्री,भाजपा,गदरपुर एवं
अध्यक्ष,सर्राफा बाजार,गदरपुर
संग
अनन्या वर्मा
SGJ
श्री गुरु ज्वैलर्स
सर्राफा बाजार,गदरपुर
मो. 8057874000,9917731333


जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज एवं गुम्बर परिवार
की ओर से करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
The Real BOSS
The BOSS
राजू गाबा
निखिल गाबा
सीमा गाबा
एम.डी. वेलपेक इण्डस्ट्रीज, रूद्रपुर
पूजा गाबा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
सुरेश 'गौरी'
पूनम


जुनेजा परिवार की ओर से पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
सुभाष जुनेजा
कौशल्या जुनेजा
वेदांत
अमानत
अनुभव
जिया
रिया
गुंजन जुनेजा
पूजा जुनेजा
गुलशन जुनेजा
संगीता जुनेजा
तरूण जुनेजा
अंशु जुनेजा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
उमेश सिंह बिष्ट
रेखा बिष्ट


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
श्वेता बाठला
शक्ति बाठला


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मनोज मुंजाल
मीनू मुंजाल


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
मनोज अरोरा
अन्नू अरोरा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
नरेश पाहुजा
निकेता पाहुजा
कवयित्री एवं लेखिका
Pink studio store
Fancy hair accessories
& stationery


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
नरेश छाबड़ा
सरिता छाबड़ा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
मनीष गोस्वामी
शीना गोस्वामी


पति-पत्नी के प्रेम
के प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
मीनू अरोरा
सुरेन्द्र अरोरा
'रज्जी'
वैभव अरोरा
सोनल अरोरा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
पवन गाबा 'पल्ली'
श्वेता गाबा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
शिव शक्ति ज्वैलर्स
आवास विकास
रूद्रपुर
सुभाष राणा
अन्जली राणा


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
अंकित अग्रवाल
खुशबू अग्रवाल






















# हल्द्वानी में ऊषा व ज्योति बनी करवा चौथ क्वीन





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महावर महिला समिति द्वारा करवाचौथ मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। समारोह में हाउजी, गेम्स, डांस और करवाचौथ क्वीन जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करवा चौथ क्वीन ऊपा गुप्ता एवम ज्योति गुप्ता को चुना गया। आयोजकों ने विजेता महिलाओं को शुभकामनाये दी। करवा चौथ समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। वहीं महिलाओं द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमभी प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर समिति अध्यक्षा अल्का गुप्ता, महामंत्री प्रेरणा गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, सरिता गुप्ता, सुषमा गुप्ता, विमला गुण, कमलेश गुप्ता, दुर्गा गुण, सुधा गुषा महावर समाज की भारी संख्या में महिलायें मौजूद थीं।

# राज्य में आपदा, वनाग्नि, पलायन और फ्लोटिंग जनसंख्या बड़ी चुनौती: धामी

## सीएम ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी के साथ राज्य की प्रमुख चुनौतियों पर की विस्तृत चर्चा







देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन बेरी के साथ राज्य से जुड़े अहम विषयों पर बैठक की। मुख्यमंत्री ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष का देवभूमि उत्तराखण्ड में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है। राज्य में पर्वतीय, मैदानी, भाबर और तराई क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा, वनाग्नि, पलायन और फ्लोटिंग जनसंख्या बड़ी चुनौती है। दो देशों की अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे होने के कारण उत्तराखण्ड सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने नीति आयोग के उपाध्यक्ष से अनुरोध किया कि हिमालयी राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नीतियों का निर्धारण किया जाए। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की आजीविका में वृद्धि के लिए विशेष नीति बनाने का अनुरोध भी किया। इससे पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन जैसी बड़ी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य कर रही है, इसके दीर्घकालिक परिणाम गेम चेंजर साबित होंगे। "नदी-जोड़ो परियोजना" के क्रियान्वयन के लिए अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता है जिसके लिये उन्होंने इसके नीति आयोग से तकनीकी सहयोग के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की जनसंख्या मूल रूप से लगभग सवा करोड़ है, लेकिन धार्मिक और पर्यटन प्रदेश होने की वजह से राज्य में इससे 10 गुना लोगों की आवाजाही है। राज्य में फ्लोटिंग जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए आधारभूत और बुनियादी सुविधाओं के विकास की आवश्यकता होती है। उन्होंने नीति आयोग के उपाध्यक्ष से अनुरोध किया राज्य में फ्लोटिंग आबादी को ध्यान में रखते हुए राज्य के लिए नीति बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से बहुत संवेदनशील राज्य है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण राज्य को प्रत्येक साल जन-धन की काफी क्षति होती है। राज्य में विकसित किए गए इन्फ्रा स्टक्चर प्राकृतिक आपदाओं के कारण काफी प्रभावित होते हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि राज्य की प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखते हुए नीति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि भी राज्य की बड़ी समस्या है। राज्य में वनाग्नि की चुनौतियों से समाधान के लिए राज्य को पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री ने राज्य के सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए भी विशेष नीति बनाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में 'सशक्त उत्तराखण्ड पहल" वर्ष 2022 में आरम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत आगामी पांच वर्षो में राज्य की आर्थिकी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में राज्य की आर्थिकी वर्ष 2022 के सापेक्ष 1.3 गुना हो चुकी है। हमने इस लक्ष्य को पूरा करने हेतु अल्पकालिक, मध्यकालिक एवं दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किए हैं। नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन बेरी ने नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखण्ड को प्रथम स्थान मिलने पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में राज्य की प्रमुख चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने इन सभी मुद्दों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि राज्य के आकांक्षी जनपदों और विकासखण्डों के विकास के लिए भी नीति आयोग द्वारा हर संभव सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के सेतु आयोग के उपाध्यक्ष श्री राजशेखर जोशी, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, राज्य सलाहकार नीति आयोग, भारत सरकार सोनिया पंत, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुदंरम, श्री शैलेश बगोली, श्री एस.एन.पाण्डेय, अपर सचिव श्री विजय कुमार जोगदण्डे, सीपीपीजीजी के एसीईओ डॉ. मनोज पंत उपस्थित थे।


बांगा परिवार की ओर से
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
राजेन्द्र बांगा
संगीता बांगा
लक्ष्य अरोरा
राहुल बांगा
वैभव अरोरा
रुपाली बांगा
संजोली अरोरा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
सुनील कालड़ा
पूजा कालड़ा
वैवाहिक तिथि 19 अप्रैल 2006


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
गोल्डी मुंजाल
श्वेता मुंजाल


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अवनी बब्बर
गौरव बब्बर
महेश बब्बर
पूनम बब्बर


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राज गगनेजा
सत्या रानी


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सुनील चुघ
दीपक नारंग
रेखा चुघ
खुशबू नारंग


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
एकता मुंजाल
वरुण मुंजाल


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
रितेश सक्सेना
प्रीति सक्सेना
बाबा भक्त, श्री बालाजी मण्डल,रुद्रपुर


पति-पत्नी
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई के
जगदीश टण्डन
सोनिया टण्डन


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
हेमू यादव
रजनी यादव


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
राजेश तिवारी
अनीता तिवारी


चिलाना परिवार
की ओर से
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
श्याम चिलाना
संतोष चिलाना
शैलेन्द्र चिलाना
सौरभ चिलाना
मीनल चिलाना
रोमा चिलाना


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
संजय साहनी
गीता साहनी
अन्ना तिरूपति प्रोपर्टी, रुद्रपुर
MO-9557980015,9756823000,9917909040


करवाचौथ
पर्व की
हार्दिक
बधाई
कैलाश अग्रवाल
अंजना अग्रवाल


पति-पत्नी
के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजीव रस्तोगी
पूनम रस्तोगी

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बाल विवाह पर अंकुश

बाल विवाह से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जो कहा, वह वक्त का तकाजा है और इससे संबंधित कानून को लागू करने के रास्ते में आने वाली अड़चनों को दूर करने वाला भी। देश भर में विभिन्न समुदायों के बीच परंपरा या व्यक्तिगत कानूनों की वजह से आज भी बाल विवाह करा दिए जाते हैं। यह समझना मुश्किल नहीं है कि जिन बच्चों की शादी कम उम्र में करा दी जाती है, वे इस मामले में कितनी परिपक्व समझ रखते हैं। इस लिहाज से सर्वोच्च न्यायालय का फैसला अहम है। अदालत ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिए बाधित नहीं किया जा सकता। हालांकि अदालत ने यह स्वीकार किया कि इस कानून में कुछ खामियां हैं और इसे सफल बनाने के लिए बहु-क्षेत्रीय समन्वय के पक्ष का ध्यान रखा जाएगा। इस संबंध में शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी महत्त्वपूर्ण है कि बाल विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन करता है। दरअसल, समाज में अब भी कुछ ऐसी रिवायतें जारी हैं, जो न केवल किसी समाज में प्रतिगामी मूल्यों की वाहक हैं, बल्कि उनके जरिए कई बार मानवाधिकारों का भी हनन होता है। बाल विवाह ऐसी ही एक परंपरा है, जो कानून की कसौटी पर तो अनुचित है, मगर व्यवहार में बदस्तूर कायम है। बच्चों का विवाह कराते हुए इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि कम आयु के बच्चे अपने विवाह को लेकर कोई परिपक्व फैसला नहीं कर सकते। अभिभावकों के फैसले का विरोध न कर पाने या असहमति न जता पाने की वजह से जो उन पर थोपा जाता है, उसे वे मजबूरन स्वीकार कर लेते हैं। यही वजह है कि हर वर्ष देश के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी तादाद में बाल विवाह कराए जाते हैं और कानून वहां लाचार खड़ा दिखता है। जाहिर है, इस समस्या की परतें और जटिलताओं के मद्देनजर बाल विवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए वक्त के मुताबिक कानूनों में जरूरी बदलाव के साथ-साथ लोगों के बीच जागरूकता फैलाने और अलग-अलग समुदाय के हिसाब से रणनीति बनाने जरूरत है।

## करवा चौथ का पर्व

पति पत्नी के प्रेम को दर्शाने
आया करवा चौथ का त्यौहार।
निर्जल उपवास करके पत्नियां करतीं
अपने पति के लंबी उम्र की कामना।
सोलह सिंगार कर पूरी
श्रद्धा से व्रत रख ,
सजाकर करवा मां की थाल,
करतीं करवा चौथ का त्यौहार
और चांद का इंतजार।
हाथों में मेहंदी , चूड़ा
आई सुहागानों की रात ।
कर निर्जल व्रत, मांगे वरदान
पति की लंबी आयु का ।



पति-पत्नी की प्रेम को दर्शाने
आया करवा चौथ का त्यौहार ।
आप सभी को करवा
चौथ की हार्दिक बधाई।

-शालिनी शर्मा,रुद्रपुर

## देवी देवताओं के चित्र वाले पटाखों की बिक्री रोकने की मांग

किच्छा(उद संवाददात)। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में एक ज्ञापन को उप जिलाअधिकारी को दिया गया जिसमें देवी देवताओं के चित्र वाले पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में



कहा गया है त्योहारों के अवसर पर तमाम पटाखा विक्रेताओं द्वारा पटाखों के ऊपर देवी देवता की फोटो प्रिंट कर बिक्री की जा रही है जो की सनातन धर्म के देवी देवताओं का अपमान है। ज्ञापन में मांग की गई है कि अति शीघ्र कार्यवाही करते हुए पटाखों पर प्रिंट की हुई देवी देवताओं की तस्वीरों को हटवाया जाए तथा पटाखों पर देवी देवताओं के तस्वीरों को छापने पर प्रतिबंध लगाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह,विश्व हिंदू परिषद उत्तराखंड मंत्री किशोर राठौड़ ,प्रखंड मंत्री नामित सक्सेना, आशीष राठौर, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गुलदार के हमले में किशोरी की मौत

टिहरी। भिलंगना ब्लॉक गांव में एक किशोरी को गुलदार ने हमलाकर मार डाला। घर से कुछ दूर उसका खून से लथपथ शव मिला है। भिलंगना ब्लॉक में तीन माह में तीसरी घटना होने पर ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति कड़ा रोष जताया है। हिंदाव पट्टी में कोट के महर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह कैंतुरा की बेटी साक्षी (13) शनिवार अपराह्न करीब साढ़े चार बजे घर से 50 मीटर दूर दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। साक्षी ने शोर भी मचाया, लेकिन जब तक लोग वहां पहुंचे गुलदार साक्षी को वहां से घसीटकर झाडियों में ले गया था। शोर मचाते हुए ग्रामीण निशान देखकर झाडियों की तरफ गए तो घटनास्थल से करीब 50-60 मीटर आगे झाडियों में उसका क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। मां संगीता बेटी का शव देखते ही बेहोश होकर गिर पड़ी। किशोरी की मौत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। क्षेत्र में तीन महीने में तीसरी घटना होने पर ग्रामीणों ने कड़ा रोष जताया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बच्चों की सुरक्षा की मांग की है। देर शाम तक वन विभाग की टीम पहुंचने तक शव घटनास्थल पर ही रखा गया था। रेंजर आशीष नौटियाल ने बताया कि गांव में किशोरी की मौत के बाद वहां मचान बनाकर शूटर तैनात किया गया है।

# बृहद रुप लेता 'करवा चौथ' पर्व

करवा चौथ एक ऐसा सुहाग एवं सौभाग्य का प्रतीक उपवास है जो लाखों लोगों को रोजगार देता है जिसमें करोड़ों-अरबों रुपए-पैसे का व्यवसाय होता है तीज त्योहार हमारे जीवन में ढेर सारी उमंग व खुशियां लेकर आते हैं



अब तो त्यौहार विशेष धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय से आगे बढ़कर शौक फैशन और खुशी के लिए मनाए जाते हैं। गणेश महोत्सव, नवरात्रि में डांडिया दुर्गा पूजा रामलीला दशहरा और फिर 8 दिन बाद विशेष कर उत्तर भारत में मनाया जाने वाला सुहागानों का पर्व करवा चौथ भी भारत के साथ विश्व के कोने-कोने में अपने जीवनसाथी की दीर्घायु की कामना के लिए में हिंदुओं में काफी लोकप्रिय पर्व बन गया है इस दिन सभी स्त्रियां 16 श्रृंगार कर आस्था के साथ अपनी मांग में सिंदूर बिंदिया गर्व से धारण कर ईश्वर से अजीवन सुहागन होने का वरदान मांगती हैं करवा चौथ व्रत स्त्रियों को दृढ़ निश्चयता और पति के प्रति प्यार एवं समर्पण को दर्शाता है कार्तिक मास की चतुर्थी के दिन महिलाएं निर्जला उपवास रख रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर विशेष पूजा कर व्रत खोलती हैं इस दिन विशेष कर पंजाबी महिलाएं जिसमें सासअपनी बहू कोष सरगीष्में उपहार में 16 श्रृंगार का समान, फल मेवा फेनिया(एक तरह की मिठाई) देती है जो भोर के समय ग्रहण की जाती है।और दिन में विशेष थाली परिक्रमा पूजा के बाद बहू अपनी सास को 'पोइया' यानी जिसमें कपड़े शॉल मेवा उपहार देकर कृतज्ञ व सम्मान व्यक्त



करती हैं कि उसका प्यारा सा पिया सासू मां की वजह से मिला है. और संध्या को चमकती धमकती सुहागानों को मानो चंदा भी दीदार करने चुपके-चुपके निकल पड़ता है, आज का मानव चंद्रमा पर पहुंच चुका है परंतु हिंदू धर्म में आज भी चंद्रमा की पूजा देवों की तरह की जाती है, और छलनी से चंदा, फिर सजन का दीदार कर अर्घ्य देकर एवं जल ग्रहण कर व्रत खोलते हैं, अब स्त्रियां कामकाजी होने के कारण भारत में ही नहीं विदेशों में भी अपने कुशलता का लोहा मनवाने लगी है परंतु अपनी परंपराओं रीति रिवाजों को मनाना नहीं भूलीं ।इसलिए वक्त, आधुनिकरण ग्लोबलाइजेशन के कारण राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय बाजारों कंपनियों पर इस व्रत का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गहरा असर पड़ने लगा है अब कुछ अवि वाहित व युवतियां -युवक (हिंदूओ के अलावा भी) अपने जीवनसाथी के प्रति प्यार व समर्पण दर्शाने के लिए यह व्रत रखने लगे हैं अब यह त्यौहार घर के साथ-साथ वृहद रूप से सामूहिक रूप से बड़े उत्सवों की तरह बैंक्विट हॉल, पार्क लान , में जाने लगा है । कई दिन पहले से बाजार, ऑनलाइन कम्पनीया भी अपने ग्राहकों को विभिन्न ऑफर/ छूट देकर लुभाने लगते हैं, चारों ओर रौनक खरीदारी की धूम मचने लगती ल है, सौन्दर्य प्रसाधन के ब्रांड बाजार में विशेष रूप से नए उत्पाद, ब्यूटी पार्लर विशेषज्ञ विशेष पैकेज छूट द्वारा महिलाओं व युवतियों को आकर्षित करने के लिए महीने पहले से ही तैयार रहते हैं, परिधान, साड़ी ,सूट, लहंगा यहां तक की पूजा की थाली- लोटा, छन्नी भी विशेष ऑर्डर देकर(पति का नाम अंकित) बनवाए जाते हैं। चाहे आर्थिक रूप से निम्न ही क्यों ना हो अपनी सामर्थ्य अनुसार नई चूड़ियां -बिंदिया लेना शुभ माना जाता है। मेहंदी की दुकानों में तो नंबर ही बड़ी मुश्किल से आता है सौ से हजारों रुपए तक की चूड़ियां मिलती हैं मेहंदी वालों की तो चांदी हो जाती है, चांदी से याद आया, आभूषण सुनारों की दुकानों में पायल- बिछुआ के साथ सोने के आभूषण भी खूब खरीदे जाते हैं और कृत्रिम आभूषणों की तो गिनती ही नहीं अपने जीवन संगिनी को उपहार देने के लिए पति मोबाइल, घड़ी आभूषण -वस्त्र,पर्स आदि की खरीदारी करते हैं मेलो उत्सवों प्रदर्शनियों प्रतियोगिताओं में भी बस खरीदारी और फूल- मिठाई मेवा ,गरबे दिए पूजा सामग्री और तो और अब घर में पकवान के बदले रात्रि भोज के लिए होटल रेस्टोरेंट भी फुल /बुक हो जाते हैं इस तरह व्यावसायिक दृष्टि से ऊपर श्रद्धा आस्था दृढ़ निश्चयता का यह अनूठा पर्व पर अब वृहद् रूप ले चुका है। आज के साइबर एवं दिखावे के युग में फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, में चारों तरफ करवा चौथ से संबंधित ही रंग बिरंगी पिक्चर्स , लघु चलचित्र, (रील्स) मेहंदी रचे हाथ सोलह सिंगार से सजी सुहागिनों के चित्र ही नजर आते हैं। मानो मानो साइबर की रंग बिरंगी दुनिया में आस्था-श्रद्धा के साथ-साथ सौंदर्य फैशन सब एक साथ उतर आया हो। कुल मिलाकर यह अनूठा पर्व वैवाहिक रिश्तों की रेशम सी डोर को और मजबूत व तरो ताजा कर जाता है और अपने साथ ढेर सारी खुशियां उमंग व मीठी यादें लेकर आता है, जो अनमोल है सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं।

– डॉ. रचना अरोड़ा, रूद्रपुर

# डीएम ने किया हैलो बागेश्वर हेल्प डेस्क का शुभारंभ

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद की जनता को अब मामूली शिकायत के लिए जनता दरबार या तहसील दिवस का इंतजार नहीं करना होगा साथ ही कई किमी दूर चलकर प्रशासन की दहलीज के चक्कर भी नहीं काटने पड़ेंगे। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आम जनता की सुविधा को देखते हुए हैलो बागेश्वर डेस्क हेल्प सेवा प्रारंभ कर दी है।जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को हैलो बागेश्वर, हेल्प डेस्क बागेश्वर का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि अब दूरस्थ क्षेत्र की जनता को शिकायत के लिए विभागीय अधिकारियों व प्रशासन के चक्कर नहीं काटने होंगे। कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत हेल्प डेस्क में दर्ज कर उसका समाधान करवा सकते है, जिसके लिए शिकायतें सुनने के लिए कार्य दिवस में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक हेल्प डेस्क कार्य करेगा। शिकायत दर्ज करने के लिए मोबाइल नंबर 9412995958 डायल करना होगा तथा अपनी शिकायत दर्ज करानी होगी। जारी हेल्प लाइन नंबर




में अपनी शिकायत दर्ज कराने पर जिस भी विभाग से समस्या होने की शिकायत होगी तत्काल उस शिकायत को संबंधित विभाग के अधिकारी के पास समाधान के लिए भेज दिया जाएगा, साथ ही जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने बताया कि जिलेवासियों को कुशल प्रशासनिक व्यवस्था मिले, सिंगल विंडो सिस्टम कि तरह ही हैलो बागेश्वर डेस्क सेवा द्वारा लोगों कि समस्याओं का समय से समाधान हो, अनावश्यक रूप से लोगों को अपनी समस्या समाधान के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर नहीं काटना पड़े इसके लिए डेस्क सेवा चलाई गई है, किसी भी समस्या के समाधान के लिए डेस्क नंबर पर कॉल लगाना होगा. इसके बाद समय से उसका समाधान हो इसके लिए तत्काल समाधान हेतु कस्टमर केयर नंबर कि तरह ही उसके समाधान कि प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, डीएम भटगाई ने कहा कि जिलेवासियों को कुशल प्रशासनिक व्यवस्था मिले इसके लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे है।जिलाधिकारी ने कहा कि दिन भर कि शिकायतों कि मानिटरिंग प्रतिदिन सायंकाल वे स्वयं करेंगे। इसमें आम जनता कि विभिन्न शिकायतों को दर्ज कराने के साथ ही सरकार की रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी भी मिल सकेगी। साथ ही योजना की ट्रेकिंग भी होगी । बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के आवेदन संबंधित विभाग या बैंकों के मामले लंबित होते हैं जिसकी जानकारी भी हेल्प डेस्क से ली जा सकती है। कहा कि उनका प्रयास है कि जनता को समय से शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके । जिलाधिकारी ने कहा कि फिलहाल इसे परीक्षण के तौर पर किया गया है आगे इसे टोल फ्री नंबर बनाया जाएगा ताकि जनता को अधिक से अधिक लाभ प्रदान हो सके। उन्होंने जिलेवासियों से हेल्प डेस्क के माध्यम से अपनी शिकायतों का निवारणकरने के लिए हेल्प डेस्क नंबर पर शिकायत दर्ज करने कि अपील की। इस दौरान सीडीओ आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, डीएचओ आरके सिंह आदि उपस्थित थे।


# मासूम को निवाला बनाने वाला गुलदार पकड़ा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। धरमघर वन रेंज क्षेत्र में मासूम बच्ची को निवाला बनाने वाले गुलदार को वन विभाग की कड़ी मेहनत के बाद पशु चिकित्सा अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रेंकुलाइज कर उसे सुरक्षित पिंजरे में कैद कर लिया गया है। लगातार तीन दिनों की मेहनत के बाद वन विभाग को आतंक का पर्याय बने गुलदार को पकड़ने में सफलता मिली है। सानिउडियार क्षेत्र के औलानी गांव में ढाई साल की मासूम को गुलदार ने अपना निवाला बनाने के बाद गांव और क्षेत्र में भय का माहौल बना था। जिसके बाद से क्षेत्र में दहशत व्याप्त थी । प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि क्षेत्र में लगातार वन विभाग की टीम और पशु चिकित्सक के साथ गश्त के बाद शनिवार शाम गुलदार को ट्रेप किया गया,। जहाँ पशु चिकित्स्क हिमांशु पांगती के निर्देशन में गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर बेहोश किया गया और फिर वन विभाग की टीम द्वारा



उसे सुरक्षित पिंजरे में कैद कर लिया गया। इस दौरान वन विभाग की अलग अलग टीमें लगातार गुलदार को पकड़ने में जुटे रहे, गुलदार को पकड़ने वाली टीम में उप प्रभागीय वनाधिकारी कपकोट तनुजा परिहार, व वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कांडपाल सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। वहीं गुलदार के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है। वहीं गुलदार को सुरक्षित रेसक्यू कर मुख्यालय लाया जा रहा है जहाँ इसे पशुचिकित्सकों की जाँच के बाद अल्मोड़ा जू वन्य जीव प्रतिपालक केंद्र में भेजा जाएगा। वहीं बाद में सुरक्षित जंगल में इलाज के बाद छोड़ दिया जाएगा।



पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सोनिया छाबड़ा
हैप्पी छाबड़ा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
शिल्पी अरोरा
आशीष अरोरा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
गौरव आहूजा
अलका आहूजा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
रजत बत्रा
मानसी बत्रा
महामंत्री
नमन बत्रा
कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन
नमन इण्टर प्राइजेज
उच्च क्वालिटी की दवाईयों के होलसेल विक्रेता
आदर्श कालोनी, रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)


बांगा परिवार की ओर से करवाचौथ
पर्व पर आप सबको 'जोड़ी सलामती'
की हार्दिक शुभकामनायें
सुनील बांगा
सुमन बांगा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
निधि कालड़ा
बन्टी कालड़ा


पति-पत्नी प्रेम
के प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
गौरव अग्रवाल
चारू अग्रवाल


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
राजकुमार सीकरी
जिला मंत्री प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल
न्यू आर.एस. साइकिल वर्क्स रूद्रपुर
पिंकी सीकरी


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
शिवम् ठुकराल
रिम्मी ठुकराल
ठुकराल इम्पोरियम, भगत सिंह चौक, रूद्रपुर


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
पवन टुटेजा
बॉबी टुटेजा
सुमन टुटेजा
रीतू टुटेजा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
सविता अधिकारी
पूर्व पार्षद रूद्रपुर
दिलीप अधिकारी
पूर्व सभासद, रूद्रपुर


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सचिन मुंजाल
पूजा मुंजाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
बुलबुल राय
प्रधानाचार्या, बिलिएंट एकेडमी
परिमल राय
पी.सी.सी.सदस्य कांग्रेस उत्तराखण्ड


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अमित चावला
वैष्णवी चावला

# धूमधाम से मना इंस्पिरेशन स्कूल का रजत जयंती समारोह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठगोदाम का वार्षिकोत्सव स्पेक्ट्रम धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष विद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष भी पूर्ण हुए है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुक्त दीपक रावत और विधायक सुमित हृदेश ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रथम प्रस्तुति वेनेरेशन टू द आल माइटी के साथ गणेश वंदना से हुई। जिसमें गणेश जी से कार्य को निर्विघ्न पूर्ण करने की प्रार्थना की गई। इसी में शिव तांडव, राम सिया व हनुमान चालीसा के माध्यम से ईश्वर की आराधना की गई। तत्पश्चात विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने प्रस्तुत की। जिन्होंने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का लेखा-जोखा व विद्यालय के चहुँमुखी विकास की रूप रेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से स्मरणोत्सव जिसमें स्कूल के 25 वर्ष के दौरान सफलता तक पहुँचने के संघर्ष की यात्रा को दर्शाया गया। स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय एनसी बल्यूटिया



को श्रद्धांजलि दी गई व उनके प्रेरणा व सपनों को जो विद्यालय के लिए उन्होंने देखे उन्हें दिखाया गया। तत्पश्चात म्यूजिकल ओडिसी बॉय वेलवेट वीवर्स - स्कूल बैंड ने अपने मधुर संगीत द्वारा सबको झूमने के लिए मजबूर कर दिया। ड्रीम वीवर्स शुभ दिन आयो, खुशी को प्रदर्शित करते हुए कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसी श्रृंखला में नर्सरी से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति से सबको अपनी ओर आकर्षित किया। द जर्नी विदिन योग व मल्लखम्ब सिनर्जी में विद्यार्थियों ने योगा व मल्लखम्ब को विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित कर दर्शको को आश्चर्यचकित कर दिया। थिएटर के माध्यम से न्यू विजन न्यू मिशन 2.0 - में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने कल, आज और कल को प्रदर्शित कर शिक्षा के महत्व को दर्शाते हुए सुनहरे सपने जो उनके द्वारा देखे गए थे। उनके पूरा होने पर खुशी को दर्शाया।द सक्सेस समिट के माध्यम से कक्षा 10-12 व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही भूतपूर्व विद्यार्थियों को रजत जयंती वार्षिकोत्सव अवसर पर सम्मानित किया। इनमें डॉ वृंदा अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, हिमांशु, हितेश कन्याल, उज्जवल आर्य, आयुषी बल्यूटिया, गुंजन नेगी, डॉ जयति कन्याल, वैभव नागपाल, प्रमोद मिश्रा, डॉ प्रकृति जोशी, अक्षय भट्ट मुख्य रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर स्कूल की वार्षिक पत्रिका रिफ्लेक्शन 2023-24 के नवीनतम संस्करण का विमोचन भी मुख्य अतिथि दीपक रावत द्वारा हुआ। साथ ही मुख्य अतिथि श्री रावत ने विद्यार्थियों के लिए नैतिक मूल्यों के महत्व पर अपने विचार रखे। बदलते परिवेश में सफलता का मंत्र नैतिकता से होकर ही जाता है। स्कूल की चेयरपर्सन डा. गीतिका बल्यूटिया ने सभी अतिथिगणों को धन्यवाद दिया व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा पंत कक्षा 10, यशस्वी जोशी 12, सबीर धारीवाल 9, व जिया उल हसन अंसारी 11, हिताशी बिष्ट 11, बबिता शर्मा 11 के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा। इस मौके पर भुवन चंद्र उपाध्याय, आरके शर्मा, फादर ग्रेगरी, सिस्टर स्मिथा, ललित जोशी समेत कई स्कूलों के निदेशक एवं प्रिंसिपल मौजूद रहे।अंत में विद्यार्थियों ने ग्रैंड फिनाले के माध्यम से व्यक्त कर सभी का आभार व्यक्त किया।

## हैंडबॉल टूर्नामेंट में आर्मी 11 की टीम चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।पुलिस लाइन हैंडबॉल ग्राउंड में आयोजित प्रथम स्व. विमल कुमार मेमोरियल हैंडबॉल टूर्नामेंट 2024 का फाइनल मैच




आर्मी 11 और रुद्रपुर स्टेडियम के बीच खेला गया जिसमें आर्मी 11 विजय रही। मुख्य अतिथि एस.पी मनोज कत्याल, एसडीएम मनीष बिष्ट, पुलिस उपाधीक्षक रेवाधर मठपाल , पुलिस उपाधीक्षक धोनी, जय हिंद ऑटो टेक के एमडी. तेजराम बघेल, युवा कल्याण अधिकारी डी.एस रावत, निरीक्षक मनीष शर्मा, पीसी. श्याम पाल, सीसी. गिरीश जोशी, सीसी.योगेंद्र देव एस.आई सुनील पाठक सब इंस्पेक्टर मदन मोहन जोशी ने विजेता टीम आर्मी 11को आकर्षक ट्रॉफी और 11000 नगद देकर सम्मानित किया। उपविजेता रुद्रपुर स्टेडियम को आकर्षक ट्रॉफी और 7100 नगद तथा तृतीय स्थान पर रही नैनीताल की टीम को ट्रॉफी और 2100 रूपये का पुरस्कार दिया गया। आर्मी 11 के कृष्ण को बेस्ट प्लेयर के रूप में आकर्षक ट्रॉफी और 1000 रूपये तथा रुद्रपुर स्टेडियम के दिलीप माली बेस्ट कीपर के रूप में आकर्षक ट्रॉफी और 1000 रूपये ईनाम दिया गया।

## राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करेगा हिमांशु बिष्ट

गदरपुर (उद संवाददाता) ।राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद, देहरादून के दिशा निर्देश पर स्व० गिरिजेश गंगवार राजकीय इंटर कॉलेज,बरा में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व इंडिया इंटर कॉलेज,रोशनपुर के हिमांशु बिष्ट व दीपक ने प्रतिभाग कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिमांशु ने अपने मॉडल के अंतर्गत आपदा संबंधित बचाव के लिए एक अलर्ट सूचक प्रणाली जबकि दीपक ने मानव संसाधन विषय के अंतर्गत आग के प्रयोग से बिजली बनाने की प्रणाली का मॉडल तैयार किया जो कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, जिला समन्वयक विज्ञान महोत्सव प्रेमचंद एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज,बरा रमाशंकर विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से हिमांशु बिष्ट व दीपक को प्रशस्ति पत्र




व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बता दें कि 7 नवंबर को देहरादून मेंआयोजित होने वाले राज्यस्तरीय विज्ञान महोत्सव में दोनों छात्र ऊधम सिंह नगर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी, अंजली जगाती शाह,डॉ संदीप कुमार पांडेय, राजेंद्र प्रसाद,सतीश कुमार,निर्मल रानी,अमित कुमार,महेश सिंह,शोबा परवीन,सुरेंद्र यादव व उमाशंकर द्विवेदी ने मार्गदर्शक डॉ०शिवशंकर गौतम व हिमांशु बिष्ट व दीपक को बधाई दी।

## यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर श्रृंखला ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की यूजीसी-नेट



की परीक्षा उत्तीर्ण कर श्रृंखला चावला ने जिले का मान बढ़ाया है।श्रृंखला शिक्षा विभाग के क्षेत्र में कार्य करके ऐसे शिक्षक तैयार करना चाहती है जिससे शिक्षा में गुणवत्ता आए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति प्रकाश चंद्र जोशी ,सास ससुर, माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है। तमाम गणमान्यों एवं शुभ चिंतकों ने श्रृंखला चावला के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्रृंखला चावला के पिता ब्रीत राज चावला शिक्षा के क्षेत्र में कई वर्ष तक सेवा करके सेवा निवृत्त हो चुके

## सिंचाई नहर में युवक का शव मिलने से सनसनी

रामनगर (उद संवाददाता) ।सिंचाई नहर में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शनिवार की दोपहर ग्राम हाथी डंगर क्षेत्र में बहने वाली सिंचाई नहर में एक युवक को बहता हुआ देखने की सूचना मौके पर मौजूद लोगों ने पीरूमदारा चौकी इंचार्ज सुनील धानिक को दी ।उन्होंने बताया कि चौकी इंचार्ज द्वारा मौके पर पहुंचकर सिंचाई नहर में बह रहे युवक का शव बाहर निकाल कर उसकी शिनाख्त के प्रयास कराई गई लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा मृतक के फोटो शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में भेजे जा रहे हैं।

## पेज एक का शेष...

**मुकेश अंबानी ने ..**केदार की पूजा अर्चना कर दो करोड़ 51लाख की धनरशि दान की। दर्शन के बाद वह वापस मुंबई के लिए रवाना हुए । बता दें कि अंबानी परिवार की भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ धाम से अपार आस्था है। मुकेश अंबानी सपरिवार प्रत्येक वर्ष बदरीनाथ और केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वहीं, अनंत अंबानी बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। मुकेश अंबानी के परिवार की ओर से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में सालों से भोग के लिए धनराशि भी दी जाती है।

**ऑपरेशन रोमियो...**सहित थाने की पुलिस टीम, पीएसी व अन्य 45-50 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा रात्रि आठ बजे से एक बजे तक अभियान चलाया गया। जिसमें क्रियाशाला, सतपाल पैट्रोल पम्प, सुशीला तिवारी हास्पिटल के आस-पास सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन करने एवं अनावश्यक घूमने पर धरपकड़ की कार्यवाही करते हुए 51 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें से एक नशे में वाहन चलाते पाये जाने पर उसकी कार को सीज किया गया। जनपद में अन्य थानों द्वारा भी सार्वजनिक स्थानों पर नशा कर माहौल खराब करने वाले कुल 102 व्यक्तियों की गिरफ्तारी कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

**एक किलो स्मैक के साथ...**एसएसपी के बताया कि मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी के समक्ष तलाशी लेने पर सानू के पास से 353 ग्राम स्मैक, मोबाईल, डीएल व 1020 रूपये, खुर्शीद के पास से 355 ग्राम स्मैक, 870 रूपये व मोबाईल तथा आसमा के पास से 350 ग्राम स्मैक व मोबाईल बरामद हुआ। कुल 1058 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पूछताछ के दौरान नशा तस्करों ने बताया कि यह स्मैक मोहल्ला सराय नई बस्ती फतेगंज पश्चिम जिला बरेली निवासी रिफाकत पुत्र शखावत व्यक्ति से लाये थे जिसने सितारगंज ले जाने को बोला था जहाँ माल बेचकर हमारा हिस्सा बटवारा होना था। एसएसपी ने बताया कि बरामद स्मैक व अन्य सामान कब्जे में लेकर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। उन्होंने बताया कि जदपद में नशे के विरूद्ध चलाया जा रहा अभियान निरंतर जारी रहेगा। एसएसपी ने नशा तस्करों को पकड़ने वाली टीम की पीठ भी थपथपाई। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक पंकज कुमार, उप निरीक्षक धीरज वर्मा, उप निरीक्षक रिनी चौहान, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिंह, कांस्टेबल महेन्द्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल दीपक बिष्ट, चारू पंत, ममता, आदि शामिल थे।

**ट्रक चालक डीजल...**लोड तथा माल खाली करते हुए 11 अक्टूबर को फारुखनगर, गुड़गांव पहुंचा । इसके बाद उसने गाड़ी का मुख्य पार्ट ईसीएम और लगभग 150 लीटर डीजल चोरी कर लिया और फरार हो गया। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से महिला गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं। रविवार को मेट्रोपोलिस के पास एक कार ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाईकिल में पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रविवार



दोपहर कार संख्या यूके 06ए आर 2630 ने मेट्रोपोलिस के पास एक बाईक को टक्कर मार दी। बाइक पर दंपति सवार थे। हादसे में बाईक पर पीछे बैठी महिला को गंभीर चोटें आयी हैं। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है।

## धनराज के निधन पर शोक व्यक्त किया

गूलरभोज(उद संवाददाता)। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने समाजसेवी गणेश देवराडी के आवास पर पहुँचकर बुजुर्ग धनराज के निधन पर पर शोक व्यक्त किया। बता दें स्टेशन रोड पर धनराज पर सांड ने हमला कर दिया था जिससे उनका निधन हो गया। उनके निधन पर कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने उनके आवास पर पहुंच का शोक व्यक्त किया और नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राजकुमार भारती को फोन कर मुआवजा दिलाने की मांग की।इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह शैलेंद्र शर्मा राजेश बाबा लक्ष्मण गिरि आदि उपस्थित थे।

## युवती ने घर में फांसी लगाकर दी जान

रामनगर (उद संवाददाता) ।रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम चंद्र नगर नंबर 1 मालधन चौड में रहने वाली एक युवती ने अज्ञात कारणों के चलते घर में पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि गांव में रहने वाले सतीश कुमार की 18 वर्षीय पुत्री शिवानी ने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अशोक कुमार से बदलकर अब अशोक शर्मा कर लिया है। अत: अब से भविष्य में मुझे अशोक शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री सत्य नारायण शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

वर्तमान पता: टावर संख्या डी-3/1, फ्लैट संख्या 11 मेट्रोपोलिस सिटी, रूद्रपुर-263153, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## सिक्स सिग्मा में मनोवैज्ञानिक कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में छात्राओं हेतु एक विशेष मनोवैज्ञानिक वौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया ।जिसका शुभारम्भ संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा एवं विख्यात मनोचिकित्सक डॉ. रिया मेहरा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस विशेष मनोवैज्ञानिक वौद्धिक सत्र में डॉ. रिया मेहरा द्वारा सभी छात्राओं का व्यक्तिगत उपवोधन किया गया, जिसमें उन्होंने प्रत्येक छात्रायों को वर्तमान समय में सोशल





मीडिया, मोबाइल उपयोग एवं अन्य इन्टरनेट प्लेटफार्म को किस प्रकार सुरक्षा पूर्ण उपयोग करना है तथा उसकी जानकारी दी, साथ ही साथ उन्होंने छात्राओं को किसी भी विपरीत परिस्थिति में अतिशीघ्र एवं उचित निर्णय किस प्रकार लिया जाये, किस प्रकार सही एवं गलत वातावरण को पहचाने आदि के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक अपने विचारों को साझा किया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
दर्शन कुमार कोली
पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका,किच्छा
मीनू कोली
पूर्व ब्लाक अध्यक्ष,किच्छा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
विन्नी खन्ना
संजीव खन्ना


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
पूर्वा बेहड़
गौरव बेहड़


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
डा.ए.के.गुप्ता
वरिष्ठ भाजपा नेता
मेदिनी गुप्ता
सदस्य किशोर न्याय बोर्ड/ न्यायिक मजिस्ट्रेट
गुप्ता हेल्थ केयर एण्ड डायग्नोस्टिक्स,किच्छा


जीवन जोशी
एडवोकेट
संतोष जोशी


जनम-जनम का साथ है हमारा-तुम्हारा
करवा चौथ के अति पावन पर्व पर माताओं,बहनों व मित्रों को सुखद दाम्पत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं
सन्नी संग चारू
परिणय तिथि-05.02.2013
हिमांशु संग अंशी
परिणय तिथि-17.06.2021
श्री श्याम जी गारमेन्टस
पुराना नैनीताल बैंक बिल्डिंग, किच्छा, मो0.9027929686,9720606789


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
धर्मराज जायसवाल
भाजपा नेता,किच्छा
अंजू जायसवाल
पूर्व पालिकाध्यक्ष,किच्छा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
भूपेन्द्र पाल सिंह
(बबलू चौधरी)
बबीता सिंह


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
महेन्द्र पाल
गीता पाल


जनम-जनम का साथ है हमारा-तुम्हारा
करवा चौथ के अति पावन पर्व पर माताओं,बहनों व मित्रों को सुखद दाम्पत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं
डा.अमित संग बिन्दुवासिनी
परिणय तिथि-28.05.2006
इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट
हल्द्वानी बाईपास रोड, किशनपुर किच्छा,9927066957


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
शोभित शर्मा
पूर्व सभासद वार्ड नं0 7, किच्छा
रश्मि शर्मा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
राजकुमार बजाज
योगिता बजाज


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
बलवंत अरोरा
पमिता अरोरा
सिमरन अरोरा
मनीष अरोरा
डायरेक्टर मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
राज कुमार (राज कोली)
पूर्व सभासद
शशि कोली
पूर्व सभासद प्रतिनिधि


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
नितिन चरन
जिला महामंत्री
भाजपा अनुसूचित मोर्चा
प्रियंका वाल्मीकि
सदस्य, समाज कल्याण विभाग,उधमसिंहनगर



पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
राजीव सक्सैना
रश्मि सक्सैना



करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
हिमांशु गाबा
पायल गाबा



पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
अरुण अग्रवाल
प्रबन्ध निदेशक, केएलए इण्डिया प्रा. लि.
नीतू अग्रवाल


पति पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
लवली हुड़िया
प्रेरणा हुड़िया



पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
प्रीत ग्रोवर
ज्योति ग्रोवर


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
पलक गाबा
सुधांशु गाबा


पति-पत्नी
के प्रेम के
प्रतीक
करवाचौथ
पर्व की
हार्दिक
बधाई
सुशील गाबा
शैली गाबा


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
वैभव ग्रोवर
गुरलीन कौर


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
मुस्कान खेड़ा
कशिश खेड़ा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
विकास बत्रा
डायरेक्टर
होली चाईल्ड स्कूल, रुद्रपुर
पूजा बत्रा


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
सीमा मिगलानी
ललित मिगलानी


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
गुरमीत सिंह
जिलाध्यक्ष देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल
नरेन्द्र कौर


पति-पत्नी के प्रेम
के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
संजय ठुकराल
सिम्मी ठुकराल


पति-पत्नी
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई के
सुनील ठुकराल
शालिनी ठुकराल


पति -पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
हरीश चन्द्र गुम्बर
कमलेश गुम्बर


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजीव ग्रोवर
संगीता ग्रोवर



Haier
World's No.1
Brand in Major Appliances
गुरू मां
This Diwali
CELEBRATE
BIG MOMENTS
SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
Smart WIFI Connectivity
Smart Food Management
Smart Convertible 3Door
Deo fresh Technology
Jumbo Ice-Maker
Range available from 531 L to 712 L
DISCOVER THE FUTURE OF
LAUNDRY WITH AI DBT
Enhanced Washing Quality
Vibration Free Performance
Removes Up To 72 Hour Old Stains
5 YEAR Complete Warranty*
30 Days Days Money Back Guarantee*
Range available from 6 KG to 12 KG
AI DBT
INBUILT HEATER
OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY GoogleTV
MEMC 120HZ
Range available from 81 cm to 2.48 m
EXCITING OFFERS
UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK*
1 EMI OFF*
EXTENDED WARRANTY
PAY ₹1 TAKE HAIER HOME*
FIXED EMI STARTING ₹994#
SCAN TO KNOW MORE
AMERICAN EXPRESS
DBS
pine labs
YES BANK
+91 855 304 9999 Time: 9 AM - 6 PM
*Source Euromonitor International Limited; Consumer Appliances 2024ed. % unit share, 2023 volume sales data. | *T & C Apply. Features may vary model to model.
गुरू मां
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704